(Rupees in lakhs)

| Period | Amount |
|---|---|
| 1-11-1987 to 31-10-1988 | 186·58 |
| 1-11-1988 to 31-10-1989 | 164·79 |
| 1-1-1990 to 31-12-1990 | 14·39 |

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

**दालों के उत्पादन का लक्ष्य**

2287. **श्री राम जेठमलानी** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1991–92 के लिए देश में दालों के उत्पादन का लक्ष्य 155 लाख टन निर्धारित किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न प्रकार की दालों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने इन लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु किसानों को अच्छे किस्म के बीज उपलब्ध कराये हैं ;

(घ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान किस-किस किस्म के "दाल बी" के बारे में शोध किया गया है ; और

(ङ) देश में इस बीज की वार्षिक उपलब्धि की मात्रा कितनी है तथा वर्ष 1991–92 के दौरान इसके कितनी मात्रा में उपलब्ध होने की संभावना है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीपल्ली रामचन्द्रन)** : (क) जी, हां।

(ख) फसलवार लक्ष्य निम्नलिखित हैं।

| फसल | लक्ष्य लाख मीटरी टन में |
|---|---|
| चना | 60.25 |
| अरहर | 36.00 |
| अन्य खरीफ दालें | 25.00 |
| अन्य रबी दालें | 34·05 |
| | 155·30 |

(ग) जी, हां।

(घ) अखिल भारतीय समन्वित दाल सुधार परियोजना के माध्यम से विभिन्न दालों की फसलों, अर्थात् चना, अरहर, मूंग की फली, उड़द की फली मटर, राजमा आदि की अधिक पैदावार देने वाली किस्मों को विकसित करने के लिये अनुसंधान किये जाते हैं । पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न दालों की फसलों की 18 किस्में विकसित की गई थीं।

(ङ) दालों के उन्नत किस्मों के प्रमाणित/गुणवत्ता वाले बीजों की वार्षिक उपलब्धता निम्नलिखित थी :

| वर्ष | प्रमाणित/गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता (क्वींटल में) |
|---|---|
| 1989–90 | 4,33,708 |
| 1990–91 | 4,30,629 |
| 1991–92 | 4,13,926 |

**बिहार में भुखमरी के कारण हुई मौतें**

2288. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 5 अगस्त, 1991 के दि स्टेट्समैन" में "काला-हांडी रिपोर्टस सबमिटेड टू पी एम" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है और यदि हां, तो क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों में कालाहांडी, में भुखमरी की वजह से कई मौतें हुई हैं; और